षोडश बिहार विधान सभा

चतुर्थ सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 | शुक्रवार, दिनांक- 25 नवम्बर, 2016 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वा० तक

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :-**

यथा संलग्न ।

[2] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के चतुर्थ सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है :-

(i) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(ii) श्री मोहम्मद इलियास हुसैन
(iii) श्री राम नारायण मंडल
(iv) श्री (डॉ०) अशोक कुमार
(v) श्रीमती लेशी सिंह

[3] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के चतुर्थ सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया गया :-

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा - सभापति
(ii) श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री - सदस्य
(iii) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री - सदस्य
(iv) श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य - सदस्य
(v) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, मंत्री, वित्त - सदस्य
(vi) श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा - सदस्य
(vii) श्री प्रेम कुमार, नेता विरोधी दल - सदस्य
(viii) श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स० - सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री अरूण कुमार सिन्हा, स०वि०स०

(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(iii) श्री ललन पासवान, स०वि०स०

(iv) श्री राज कुमार साह, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[4] राज्यपाल का संदेश :-

आसन द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित "बिहार लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2016" पर बिहार के महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश को पढ़ा गया ।

महामहिम राज्यपाल का संदेश (यथा संलग्न)।

[5] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित बिहार लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2016 को महामहिम राज्यपाल द्वारा दिनांक 23.08.2016 को दोनों सदनों के पुनर्विचार हेतु वापस किए जाने एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत निम्न आठ विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

क्रमांक	विधेयकों का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2016	14.08.2016
(ii)	बिहार कृषि विश्वविद्यालय (निरसन) विधेयक, 2016	14.08.2016
(iii)	बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक, 2016	26.08.2016
(iv)	बिहार भूदान यज्ञ (संशोधन) विधेयक, 2016	01.09.2016
(v)	बिहार भूमि सुधार (अधिकतम सीमा निर्धारण तथा अधिशेष भूमि अर्जन) (संशोधन) विधेयक, 2016	01.09.2016
(vi)	बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन विधेयक, 2016	01.09.2016
(vii)	बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2016	01.09.2016
(viii)	बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद विधेयक, 2016	07.09.2016

[6] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की :-

(i) स्व० डा० ए०आर० किदवई, पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व राज्य सभा सदस्य

(ii) स्व० मोहम्मद शफी कुरैशी, पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री

(iii) स्व० जवाहर पासवान, पूर्व स०वि०स०

(iv) स्व० यदुवंशी राय, पूर्व स०वि०स०

(v) स्व० युवराज, पूर्व लोक सभा सदस्य एवं पूर्व स०वि०स०

(vi) स्व० राम इकबाल सिंह वरसी, पूर्व स०वि०स०

(vii) स्व० अमरेन्द्र मिश्र, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार

इंदौर से पटना आ रही इंदौर-राजेन्द्र नगर एक्सप्रेस दिनांक 20 नवम्बर, 2016 को कानपुर के पास पुखरायां में दुर्घटनाग्रस्त हो गई । दुर्घटना में 150 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई और दो सौ से अधिक लोग घायल हो गए । इसमें लगभग तीन दर्जन लोग बिहार के भी काल-कवलित हो गए । इस ट्रेन दुर्घटना में लोगों के असामयिक मृत्यु पर भी शोक प्रकट किया गया ।

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संवेदना शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेज दिये जाएँगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 28 नवम्बर, 2016 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गई ।

पटना
दिनांक-25.11.2016

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।